# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 26.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. अंडमान एवं निकोबार राज्य सहकारी बैंक की उनसठवीं वार्षिक आम सभा की बैठक बैंक के सम्मेलन हॉल में आयोजित की गई।
2. सांसद बिष्णु पद रे ने सरकारी स्कूलों में जी टी टी कम्प्युटर साइंस के शिक्षकों की कमी को लेकर चिन्ता व्यक्त की है।
3. श्री विजयपुरम स्थित जी बी पंत अस्पताल में अत्याधुनिक 128 स्लाइस सीटी स्कैन सुविधा स्थापित की गई है।
4. पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज महाशिव रात्रि का पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार राज्य सहकारी बैंक की उनसठवीं वार्षिक आम सभा की बैठक कल बैंक के सम्मेलन हॉल में आयोजित की गई। बैंक के उपाध्यक्ष के. सुब्रमणि, ने बैठक की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में उन्होंने बैंकिंग और अन्य विकास, सामाजिक और सरकारी नीतियों और योजनाओं पर बैंक की वित्तीय स्थिति के संबंध में वर्तमान वित्तीय मापदंडों को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि बैंक में पर्याप्त प्रगति हुई है। बैठक में निदेशको, पैक्स के सदस्य और विभिन्न संबद्ध समितियां और बैंक के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक के मुरुगन ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने बैठक में भाग लेने के लिए विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार प्रकट किया। बैंक के उपाध्यक्ष ने सहकारी बैंक को दिए गए समर्थन एवं सहयोग के लिए पैक्स के सभी सदस्यों, निदेशकों बैंक कर्मचारियों तथा विशेष रूप से जनता एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उपाध्यक्ष ने इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों से बैंक की योजनाओं तथा भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई योजनाओं को लोकप्रिय बनाने का आग्रह किया। उन्होंने बैंक की नई योजनाओं सहित विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने सरकारी स्कूलों में जी टी टी कम्प्युटर साइंस के शिक्षकों की कमी को लेकर चिन्ता व्यक्त की है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्री और उपराज्यपाल को लिखे एक पत्र में उन्होंने जी टी टी कम्प्युटर साइंस के पदों को भरने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि द्वीपसमूह में बी एस सी बीएड डिग्री रखने वाले प्रशिक्षित शिक्षकों ने उनसे मुलाकात कर इस मुद्दें को उनके समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलीजेन्स के इस दौर में कम्प्युटर शिक्षा बेहद ज़रूरी है और यहां के बेरोजगार शिक्षित युवाओं के लिए इस तरह की भर्ती रोजगार के अवसर सुनिश्चित कराएगी। इस तरह के खाली पड़े पदों की नियुक्ति की राह देखते कई युवा आयु सीमा पार कर चुके है। सांसद ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि सरकारी स्कूलों में जी टी टी कम्प्युटर साइंस के पदों में भर्ती की प्रकिया जल्द से जल्द शुरू की जाए साथ ही क्राफ्ट इंस्टैक्टर के सभी रिक्त पदों को भी भरा जाए, ताकि छात्रों का भविष्य सुनिश्चित हो सके और उन्हें गुणवत्तापूर्ण आई टी शिक्षा मिल सके।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायधीश न्यायमूर्ति शाम्पा सरकार और उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच मे मामलो की सुनवाई करेंगे। मामलों की सुनवाई सुबह साढ़े दस बजे से की जाएगी। सभी लम्बित पड़े मामलों से संबंधित लोगों से कहा गया है कि वे अट्ठाईस फरवरी शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित जी बी पंत अस्पताल में अत्याधुनिक 128 स्लाइस सीटी स्कैन सुविधा स्थापित की गई है। इसका उद्‌घाटन कल स्वास्थ्य सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में सुधार करने और सभी के लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस सुविधा से मरीजों के लिए समय की बचत होगी। 128 सीटी स्कैनर नवीनतम तकनीक से लैस है, जो इसे मरीजों के लिए सुरक्षित बनाता है। यह सीटी स्कैन हृदय स्कैन, मस्तिष्क इमेजिंग और पूरे शरीर के स्कैन सहित कई प्रकार की नैदानिक प्रक्रियाओं को करने में सक्षम है। जी बी पंत अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम के साहा ने प्रशासन के प्रति उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस सुविधा से न केवल श्री विजयपुरम के निवासियों को, बल्कि अन्य द्वीपों के लोगों को भी लाभ होगा।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज महाशिव रात्रि का पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। श्री विजयपुरम स्थित चिन्मय मिशन के श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर, में आज मध्य रात्रि बारह बजे तक महाशिव रात्रि मनाई जाएगी। शाम साढ़े पांच बजे से भगवान शिव के एक हजार नामों की जाप की जाएगी। रात आठ बजे से मध्य रात्रि बारह बजे तक सत्संग, भजन आदि का आयोजन होगा। उधर, विम्बर्लीगंज स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में आज महाशिवरात्रि पूजा का आयोजन किया जा रहा है। सुबह से मन्दिरों में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम जारी है। इस अवसर पर पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने द्वीपवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि यह पावन पर्व हमें आत्म चिन्तन, अनुशासन और करूणा की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि इस अवसर को अध्यात्मिक साधना और सकारात्मक उर्जा के संकल्प के साथ मनाएं। साथ ही भगवान शिव से शान्ति, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना करें।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से खेल प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वाधान में दो मार्च को फिट इंडिया विंड वेव्स एण्ड वेलनेस (इवेट) का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कार्बाइंस–कोव बीच पर सुबह साढ़े सात बजे से शुरू होगा। इस इवेट का उद्‌देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना, खेलों में भागीदारी को प्रोत्साहित करना और स्वास्थ्य जीवनशैली को बढ़ावा देना हैं। प्रतियोगिता में भाग लेन के इच्छुक व्यक्ति टीमें निजी युवा क्लब और संस्थाए अट्‌ठाईस फरवरी शाम बजे तक खेल प्रशिक्षण केन्द्र श्री विजयपुरम के कार्यालय में पंजीकरण करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी रोइंग कोच मनीष कुमार तिवारी और करमा टोप्पों से संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों में आपदा प्रबंधन पर मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत कल मत्स्य विभाग में भूकम्प और सुनामी से निपटने के लिए बनावटी अभ्यास किया गया। इस अवसर पर ज़िला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एन डी आर एफ और विद्युत विभाग की टीमें भी शामिल रहे। ड्रिल के दौरान प्रशासन ने सभी कर्मचारियों को जीवन रक्षक प्रशिक्षण देने पर ज़ोर दिया, ताकि आपातकालीन स्थिति में बेहतर तैयारी हो सके।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग राष्ट्रीय जीवन रक्षक सोसाइटी के सहयोग से युवाओं के लिए समुद्र तट जीवन रक्षक पर सात दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा। मार्च के पहले सप्ताह में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बारहवीं पास उम्मीदवार, जो पन्द्रह मिनट में पांच सौ मीटर की दूरी तैर कर पार कर सकते हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण के लिए कुल पचास सीट उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन अट्‌ठाईस फरवरी तक पर्यटन निदेशालय के नियोजन अनुभाग में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल ने "द करेन कम्युनिटी" नामक पुस्तक का विमोचन किया– **द्वीप समाचार** ने खबर को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने मत्स्य विभाग में भूकंप और सुनामी पर मॉकड्रिल आयोजित करने के समाचार को भी पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है– **द डेली टेलीग्राम्स** ने राष्ट्रपति के उस बयान को प्रमुखता दी है, जिसमें उन्होंने कहा– चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग बहुत ज़रूरी। **द इको ऑफ इंडिया** ने

जी बी पन्त अस्पताल में सी टी स्कैन सुविधा के उद्घाटन करने के समाचार को अपनी पहली खबर बनाया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंगलूटान में सांप काटने से होने वाले विष की रोकथाम और नियंत्रण पर ज़िला स्तरीय कार्यशला आयोजन करने के समाचार को **इंफो इंडिया** प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने ग्राम पंचायत हरि नगर में चिकित्सा शिविर आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**<><><><><><><>**